**SHIVALIK RASAYAN LIMITED**

**Corporate Office:** 1506, Chiranjiv Tower 43,
Nehru Place, New Delhi- 110019 (India)
**Tel:** +91-11-47589500 (30 Lines) /26221811/26418182
**Email:** info@shivalikrasayan.com
**website:** www.shivalikrasayan.com
**CIN:** L24237UR1979PLC005041

Ref: STEX/Results/Published-2021-22

Date: 10.02.2022

The BSE Ltd
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai- 400001

<u>Company Number: 539148</u>

<u>Sub. : Copy of Publication for Un-Audited Financial Results for the Quarter and Nine months ended on December 31, 2021</u>

Dear Sir,

The Board of Directors at their Meeting held on 08.02.2022 adopted the Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended on December 31, 2021.

The copy of the results published in the Financial Express and Vir Arjun dated February 09, 2022 is enclosed.

This is for your information and records.

Kindly acknowledge the receipt.

Thanking You,

Yours truly,
For Shivalik Rasayan Limited

Shivalik Rasayan Limited

Parul Choudhary
Company Secretary
ACS-34854

Encl: As above.

Meerut, UP, PIN-250002. Mohd Fareed S/o Mohd Yunus **(Guarantor)**, Add: 254, Sarai Lal Das, Meerut, UP, PIN-250002

as per sale deed: East- Unit/Flat No. A-111, West- Unit/Flat No. A-109, North- Colony Road 12 Meter Wide, South- Unit/Flat No. A-131

**Date: 08.02.2022** **Place : Meerut** **Authorised Officer**

# Shivalik Rasayan Limited

Regd. Office: Village Kolhupani, P. O. Chandanwari, Dehradun - 248007

(CIN: L24237UR1979PLC005041) E-mail: cs@shivalikrasayan.com, Website: www.shivalikrasayan.com

**Extracts of Standalone and Consolidated Un-audited Financial Results for the Quarter & Nine months ended on 31.12.2021** (In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | Un-audited 31.12.2021 | Un-audited 31.12.2020 | Un-audited 31.12.2021 | Un-audited 31.12.2020 | Audited 31.03.2021 | Un-audited 31.12.2021 | Un-audited 31.12.2020 | Un-audited 31.12.2021 | Un-audited 31.12.2020 | Audited 31.03.2021 |
| 1 | Total income from operations (net) | 2735.56 | 2315.99 | 7438.61 | 6314.62 | 8524.39 | 6082.40 | 5608.27 | 16846.00 | 15484.04 | 19871.40 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary items) | 450.12 | 414.00 | 1366.77 | 772.95 | 1253.35 | 957.73 | 859.48 | 2854.28 | 2002.30 | 2892.75 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 450.12 | 414.00 | 1366.77 | 772.95 | 1253.35 | 957.73 | 859.48 | 2854.28 | 2002.30 | 2892.75 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 458.67 | 419.25 | 1395.32 | 782.12 | 1267.55 | 836.52 | 720.72 | 2610.49 | 1630.39 | 2480.50 |
| 5 | Total comprehensive income for the period {Comprising Profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)} | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | Equity Share Capital | 724.46 | 688.96 | 724.46 | 688.96 | 688.96 | 724.46 | 688.96 | 724.46 | 688.96 | 688.96 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance *Sheet of previous year)* | | | | | | | | | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (for continuing and discontinued operation) Basic: Diluted: | 3.17<br>3.17 | 3.04<br>3.04 | 9.63<br>9.63 | 5.68<br>5.68 | 9.20<br>9.20 | 4.28<br>4.28 | 3.91<br>3.91 | 13.13<br>13.13 | 8.11<br>8.11 | 12.88<br>12.88 |

**Note:**

1. The un-audited financial statement for the quarter and nine months ended on December 31, 2021 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on February 08, 2022
2. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary
3. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

**Place: New Delhi**
**Date : 08.02.2022**

**For Shivalik Rasayan Limited**
**Sd/-**
**Rahul Bishnoi**
**Chairman**

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

**Stressed Asset Management Branch, Delhi, 4th Floor, Rajendra Bhawan, Rajendra Place, Delhi. 110008, samdel@bankofbaroda.com 011-43026349, 41709201**

**M/s Amira Pure Foods Pvt. Ltd.,** Reg Office: B-1/E-28, Mohan Co-Operative Industrial Estate, Mathura Road, New Delhi-110044 **Corporate Office:** 54, Prakriti Marg, Mehrauli Gurgaon Road, New Delhi-110030 **Factory at:** Harasu, 21st Mile Stone, Garhi More, Pataudi Road, Gurgaon-123505

**Mr. Karan A Chanana (Ex Director Cum Guarantor)**, 36, Prakriti Marg, Mehrauli Gurgaon Road, New Delhi-110030 **Also at:** 29E, AU TOWER DMCC JLT, DUBAI - 127197

**Mrs. Anita Daing (Director cum Guarantor)**, R-806, New Rajendra Nagar, New Delhi-110060

**Mr. Rajesh Arora (Managing Director)** C-2-B/82-C, Janakpuri, Janakpuri C-4, West Delhi-110058

**Ms. Aparna Puri (Director)**, B-96, Defence Colony, Lajpat Nagar, South Delhi, New Delhi-110024

**Re: Declaration of M/s Amira Pure Foods Pvt Ltd and its Directors as Wilful Defaulters**

Property details

BUILT UP SHOP ON GROUND FLOOR

# एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited

(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)

**(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)**

CIN No. L40101HP1988GOI008409

**NATHPA JHAKRI HYDRO POWER STATION**

**PRESS NOTICE**

**E-Tendering No. Package(P)-275(O&M)**

Online bids (e-tender) on Domestic Competitive Bidding (DCB) are invited on behalf of SJVN Ltd. for **"Package(P)-275(O&M)/2022- Supply of hydrogen gas for Hard Coating Facility of Nathpa Jhakri Hydro Power Station."** For details, please visit websites **www.sjvn.nic.in https://sjvn.abcprocure.com & www.eprocure.gov.in.**

Last date for downloading of bid documents is 01/03/2022 (12:00 Hrs.).

# प्रदेश का विकास भाजपा ने किया, भाजपा ही करेगी: महाराज

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून/पौड़ी, । राज्य के विकास की जिस अवधारणा को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने उत्तराखंड का निर्माण किया, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसे संवारने का काम कर रहे हैं। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, आध्यात्मिक गुरु और चौबट्टाखाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अपने क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होने कहा कि उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। राज्य में डबल इंजन की सरकार के कारण करीब एक लाख करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है।

श्री महाराज ने मंगलवार को एकेश्वर मण्डल के अन्तर्गत किरखू, सासौं, बुडौली, मासौं, मसैटा और चोपणयों (पाबौ) आदि क्षेत्रों में जनसम्पर्क के दौरान भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में चारधाम यात्रा को सुगम बनाने हेतु ऑलवेदर रोड परियोजना के अंतर्गत 889 कि0मी0 लम्बे राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास हेतु ? 11,700 करोड़ की लागत से कार्य प्रारम्भ किये। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक ? 16,216 करोड़ रुपये की लागत से ब्रॉड गेज रेल लाइन का विकास किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार देने के लिए हमारी सरकार ने 24 हजार सरकारी पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की। इससे पूर्व विभिन्न विभागों, क्षेत्रों में आठ लाख से अधिक रोजगार लोगों को दिए गए हैं। सतपाल महाराज ने भाजपा सरकार में उनके द्वारा चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा क्षेत्र में विभिन्न पर्यटन योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। अनेक स्थानों पर पर्यटक आवास गृह का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में 2267.20 लाख की लागत से पर्यटन के अनेक कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमोठा, सिमरखाल, पिनानी एवं पांग में 75 लाख की लागत से ग्रोथ सेन्टरों की स्थापना की गई है। 24 पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं। पूरे चौबट्टाखाल क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है और सतपुली और स्यूंसी झील की स्वीकृति मिलने के बाद अब यह क्षेत्र पर्यटन हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सतपाल महाराज की पत्नी और पूर्व मंत्री अमृता रावत ने एक ओर विधानसभा क्षेत्र के सीली मल्ली, रसिया महादेव और वीरोंखाल में तो उनके जेष्ठ पुत्र श्रद्धेय रावत ने मयलगांव, गडरी, कोला, पणिया जयकोट और जजेड़ी में जनसम्पर्क किया।

# आबकारी विभाग की टीमें लगातार दे रही हैं दबिश

**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार। आदर्श आचार संहिता के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी हरिद्वार द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में आबकारी विभाग के टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है, जिसके क्रम में दिनांक 7 फरवरी, 2022 को आबकारी विभाग की टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से कुल 802.03 ली0 अवैध शराब जिसमें कच्ची शराब 235.0 ली0 व देशी शराब 558.03 ली0 तथा अंग्रेजी शराब 9.0 ली0 जब्त की गयी तथा 10 लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज गया ।

इसके अलावा पुलिस विभाग द्वारा कुल 1296.42 ली0 अवैध शराब जिसमें कच्ची शराब 10.0 ली0 व देशी शराब 1220.94 ली0 तथा अंग्रेजी शराब 65.48 ली0 जब्त की गयी तथा आबकारी अधिनियम के तहत 12 अभियोग दर्ज करते हुए 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार आबकारी एवं पुलिस विभाग कुल 2098.45 ली0 भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गयी। एफ0एस0टी0 टीम द्वारा रू0 5.00 लाख की नकदी पकड़ी गयी तथा 2 लोगों के विरूद्ध आदर्श आचार संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया । जिला निर्वाचन अधिकारी हरिद्वार ने अवगत कराया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के मध्येनजर 80 वर्ष से अधिक और दिव्यांगजनों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए दिनांक 4 से 7 फरवरी, 2022 तक मतदान कार्मिकों द्वारा घर-घर जाकर कार्यवाही की गयी । इस दौरान पूरे प्रोटोकॉल का भी पालन किया गया । आज दिनांक 7 फरवरी को पोस्टल बैलेट द्वारा सभी विधानसभा में 80 वर्ष से अधिक 4 मतदाता तथा दिब्यांगजनों के 2 मतदाता, इस प्रकार कुल 6 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# खिर्सू मंडल में भाजपा प्रत्याशी धन सिंह रावत की पत्नी डा. दीपा ने किया जनसम्पर्क

**★कहा, क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हैं धन सिंह रावत**

**★ ग्रामीणों ने डॉ रावत के विकास कार्यों को बताया श्रीनगर की उपलब्धि**

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून/श्रीनगर। श्रीनगर में भाजपा प्रत्याशी डॉ धन सिंह रावत की धर्मपत्नी डॉ दीपा रावत ने खिर्सू मंडल के कई गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि डॉ धन सिंह रावत क्षेत्र के विकास के लिये समर्पित हैं। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में डॉ रावत ने कई विकास कार्य किये जिनका लाभ जनता को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में निरन्तर विकास कार्यों और चहुमुखी विकास के लिये डॉ धन सिंह रावत को वोट कर राज्य में दोबारा भाजपा सरकार बनानी है।

डॉ धन सिंह रावत के चुनाव प्रचार को धार देते हुए उनकी पत्नी डॉ दीपा रावत ने आज खिर्सू मंडल के गांवों में जाकर जनसम्पर्क किया। भटोली गांव में जनसभा को सम्बोधित करते हुए डॉ दीपा ने कहा कि डॉ धन सिंह रावत क्षेत्र के विकास के समर्पित हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिये दिन-रात काम किया, जिसके नतीज़े सबके सामने हैं। उन्होंने कहा कि डॉ रावत ने श्रीनगर की पेयजल समस्या को खत्म कर प्रत्येक घर शुद्ध गंगाजल पहुंचाने का काम किया। ढिकालगांव पेयजल पम्पिंग योजना से खिर्सू में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की। छात्रों को उच्च शिक्षा के लिये दूर शहरों में न भटकना पड़े, उन्हें खिर्सू में नवीन महाविद्यालय की सौगात दी।

श्रीमती रावत ने कहा कि डॉ धन सिंह रावत द्वारा श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में जितने काम किये उतने विकास कार्य कभी श्रीनगर में कभी नहीं किये गये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के निरन्तर विकास के लिये डॉ धन सिंह रावत को अपना वोट देकर जिताना है और राज्य में दोबारा भाजपा सरकार बनानी है। वहीं उन्होंने महिला मंगल दल के साथ राजराजेश्वरी मंदिर के दर्शन कर भजन कीर्तन कार्यक्रम में भी शिरकत किया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने कि डॉ रावत ही श्रीनगर का विकास कर सकते हैं इसलिए हम उन्हीं को वोट और सपोर्ट करेंगे। इस दौरान महामंत्री महिला मोर्चा खिर्सू एवं प्रधान मरखोड़ा मनीषा बहुगुणा, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा डॉ सुधीर जोशी, प्रधान चकवाली संजय, संयोजक खिर्सू मंडल लखपत भंडारी, विजय चमोली, प्रमोद बलूनी, उत्तम कैंतुरा, ताजबर, सुनील भट्ट, ओम बहुगुणा, रचना रावत, शशि देवी, किरण देवी, आशा देवी, सीता देवी, मीरा देवी सहित कई समर्थकों ने जनसम्पर्क कर डॉ धन सिंह रावत के पक्ष में समर्थन और वोट मांगा।

# ऑनलाइन मोड के माध्यम से राष्ट्रीय प्रवेश व छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित करेगा वीएमसी

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। देश में बढ़ते कोविड मामलों के चलते, जेईई और नीट की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना नेशनल एडमिशन टेस्ट (एनएटी) 12, 13, 19 और 20फरवरी को ऑनलाइन मोड से आयोजित कराने जा रही है। जबकि सरकार ने ऑफलाइन स्कूलों को अगली सूचना तक बंद करने का आदेश जारी किया है, लेकिन निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्यक्रम जारी रखा है, इसके चलते यह ऑनलाइन परीक्षा जेईई और नीट उम्मीदवारों को उनकी तैयारी यात्रा के दौरान मेंटरशिप, मुफ्त संदेह समाधान और हैंड होल्डिंग सपोर्ट के साथ एक बड़ा बढ़ावा प्रदान करेगी। यह टेस्ट छठी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को विद्यामंदिर क्लासेज के अप्रैल 2022 से शुरू होने वाले बैचों के विभिन्न कोर्सों के साथ जुड़ने का अवसर देगी और साथ ही उन्हें 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति पाने का भी मौका मिल सकता है।विद्यामंदिर क्लासेज के एकेडमिक डायरेक्टर सौरभ कुमार ने कहा, वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान की ठोस बुनियाद पर बनी और विद्यामंदिर क्लासेज के लिए प्रतिस्पर्धी और प्रोत्साहित इंजीनियरों तथा डॉक्टरों को तैयार करना ही प्राथमिक लक्ष्य है। इस ऑनलाइन नेशनल एडमिशन टेस्ट का मकसद छात्रों को सभी तरह के फायदों के साथ चालू सत्र में दाखिला सुनिश्चित लेने का आखिरी मौका देना है ताकि वे कोर्स के कठिन पाठों को आसानी से समझ सकें। हमारे ये कोर्स छात्रों को फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथमेटिक्स/बायोलॉजी के मौलिक कॉन्सेप्ट्स समझने में सक्षम बनाएंगे और बेसिक कॉन्सेप्ट्स पर आधारित जटिल और पेचीदा सवालों को रचनात्मक तरीके से हल करने में सक्षम बनाते हुए उनकी विश्लेषणात्मक दक्षताओं तथा सोचने की समानांतर प्रक्रिया को निखारेंगे। वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट छठी से लेकर 12वीं तक के छात्रों को न सिर्फ शुरुआती चरण के लाभ देगा, बल्कि उन्हें ठोस बुनियाद बनाने में भी मदद करेगा जिससे उन्हें आईआईटी-जेईई (मेन एवं एडवांस्ड), नीट, एनटीएसई, केवीपीवाई और ओलंपियाड जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

# प्रदेश के विकास के लिए एक बार हमको दें वोट: केजरीवाल

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून/हरिद्वार। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज अपने हरिद्वार दौरे के दौरान एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जो कांग्रेस के वोटर और सपोर्टर हैं और जो बीजेपी के वोटर और सपोर्टर है मैं उनसे अपील करना चाहता हूं कि ,आप जिस पार्टी में हैं उसी में रहे हम आपको अपनी पार्टियां छोड़कर आम आदमी पार्टी में आने के लिए नहीं कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरी आपसे सिर्फ एक विनती है उत्तराखंड की खातिर एक बार आम आदमी पार्टी को वोट दें। सिर्फ एक बार उत्तराखंड के भविष्य के लिए झाड़ू का बटन दबाएं। कांग्रेस के वोटरर्स ने 10 साल कांग्रेस को वोट दिया ,लेकिन इन 10 सालों में आपको क्या मिला। क्या कांग्रेस ने उत्तराखंड के लिए कुछ किया ,क्या कांग्रेस ने आपके लिए कुछ किया, क्या कांग्रेस नें आपके परिवार के लिए कुछ किया, आपके बच्चों की शिक्षा स्वास्थ्य का क्या हुआ। अगर नहीं किया तो कांग्रेस को वोट देने से क्या फायदा।

उन्होंने कहा कि 10 साल वोट देने के बाद भी अगर 5 साल आप कांग्रेस को वोट दोगे तो भी कोई लाभ नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी एक नई पार्टी है जिसकी सोच नई है और चेहरे नए हैं ,नए मुख्यमंत्री चेहरा है और हमने दिल्ली में काम करके दिखाया है । हमारे पास उत्तराखंड के विकास के लिए कई आइडिया हैं ,हम हर गांव की बात करते हैं जिसमें कांग्रेस बीजेपी दोनों का लाभ होगा। हर किसी कार्यकर्ता के परिवार को इलाज मिलेगा, शिक्षा मिलेगी। हमारी गारंटी में कांग्रेस और बीजेपी दोनों के कार्यकर्ता भी शामिल है ,क्योंकि वह आम आदमी है। उन्होंने कहा कि यही अपील कांग्रेस के बाद मैं बीजेपी कार्यकर्ताओं से करना चाहता हूं कि ,10 साल देने के बाद बीजेपी ने आप लोगों के लिए क्या किया। भाजपा ने 3 मुख्यमंत्री बदलने का काम किया। उन्होंने प्रदेश के लिए कुछ नहीं किया । ना अच्छे स्कूल बनाए, ना अच्छे अस्पताल बनाए। वह 5 साल बाद भी ऐसे ही रहेंगे। हम उत्तराखंड के लिए पूरा एजेंडा लेकर आए हैं कि, हम किस तरीके से विकास योजनाओं को धरातल पर उतारेंगे। उन्होंने दोहराया उत्तराखंड की तरक्की की खातिर इस बार कांग्रेस और बीजेपी के वोटर और सपोर्टर भी आम आदमी पार्टी को वोट दें ,ताकि उत्तराखंड में विकास दोगुनी गति से हो सके। दोनों ही सरकारों ने 21 सालों में 72000 करोड़ों का कर्जा प्रदेश पर चढ़ाया है इसकी जवाबदेही उनसे लेनी पड़ेगी। आम आदमी पार्टी आपको यकीन दिलाती है कि पुराना कर्जा खत्म करने के साथ सरकार को प्रॉफिट में ले जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी 10 को फिर आएंगे उत्तराखंड: धीरेंद्र प्रताप

देहरादून (वीअ)। कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष राहुल गांधी 10 फरवरी को उत्तराखंड का दौरा करेंगे। यह जानकारी देते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी उस दिन दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

इसमें वे एक जनसभा हरिद्वार के मंगलौर विधानसभा क्षेत्र मैं संबोधित करेंगे ।जहां से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन विधानसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार हैं है जबकि दूसरी सभा वे जागेश्वर में संबोधित करेंगे जो कुमायूं का एक विधानसभा क्षेत्र हैं व जहां से पूर्व मंत्री व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल पार्टी प्रत्याशी है।

### दिल्ली में जो किया उत्तराखण्ड में भी करके दिखाएंगे: संजय सैनी

हरिद्वार (वीअ)। हरिद्वार सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी संजय सैनी ने शहर के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क कर प्रचार किया और निर्वाचित होने पर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। जनसंपर्क के दौरान संजय सैनी ने कहा कि हरिद्वार की जनता महंगाई, बिजली के भारी भरकम बिल, आवास, नशा, बेरोजगारी आदि समस्याओं से परेशान है। आम आदमी पार्टी ने चुनाव घोषित होने से पूर्व ही गारंटी कार्ड भरवाकर जनता को समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया है। आप की सरकार बनने पर सभी वादों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे आम आदमी पार्टी जो कहती है। उसे पूरा भी करती है। दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में आप सरकार ने सभी वादों को पूरा किया है। उत्तराखण्ड में सभी वादों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार की जनता के मुद्दों को लेकर वे भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों से बहस करने को तैयार हैं। मीडिया डिबेट में दोनों दलों के लोग कह रहे हैं कि वे करेंगे। जबकि आम आदमी पार्टी दिल्ली में कर रही और उत्तराखण्ड में भी करके दिखाएगी। इस दौरान सुनील सैनी, निर्वाण सैनी, शिशुपाल नेगी, अमन कुमार, प्रमोद कुमार, गौरव सैनी, सन्नी आदि मौजूद रहे।

# राखी बिडलान ने कर्नल कोठियाल के लिए डोर टू डोर प्रचार कर मांगे वोट

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून/उत्तरकाशी। आम आदमी पार्टी की दिल्ली की डिप्टी स्पीकर राखी बिडलान आज गंगोत्री विधानसभा पहुंची ,जहां पहुंचते ही आप कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। यहां पहुंच कर उन्होंने जहां एक ओर कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता को संबोधित किया, तो वहीं आज राखी बिड़लान ने उत्तरकाशी शहर में इंदिरा कॉलोनी में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कर्नल अजय कोठियाल के लिए जन संपर्क करते हुए वोट भी मांगे। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 70 साल हो गए, लेकिन आज तक यहां के लोगों के पास कांग्रेस और बीजेपी के अलावा कोई विकल्प मौजूद नहीं था। लेकिन अब आम आदमी पार्टी एक मजबूत विकल्प के रूप में लोगों के पास मौजूद है। उन्होंने कहा कि मैं कोई डिप्टी स्पीकर नहीं बल्कि भारतवर्ष की एक बेटी हूं और आप लोगों के बीच नए बदलाव के लिए आई हूं। उन्होंने कहा कि गंगोत्री विधानसभा में लोगों में एक बहुत ही विश्वास की लहर है, बदलाव की लहर है और आने वाली 14 तारीख को झाड़ू का बटन दबाकर अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में कर्नल कोठियाल को चुनें ताकि पूरे उत्तराखंड में एक बदलाव आ सके।

# तम्बाकू मुक्त मतदान केंद्र बनाने का निर्देश

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून । आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर आने वाले मतदाताओं को धूम्रपान करने से रोकने तथा मतदाताओं को पैसिव स्मोकिंग के दुस्प्रभाव से बचाने एवं इसके प्रति जागरूक करने हेतु उत्तराखंड तम्बाकू फ्री कोलिएशन के अध्यक्ष कमांडर अनिल अग्निहोत्री के द्वारा उत्तराखंड के सभी जिलाधिकारियों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारियों से तम्बाकू मुक्त मतदान केंद्र बनाने के सन्दर्भ में निर्देशित करने हेतु अनुरोध किया गया।

# गेनवेल इंजीनियरिंग ने कैटरपिलर के साथ लाइसेंसिंग के समझौते पर हस्ताक्षर किए

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। गेनवेल इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड ने आज निर्माण एवं खनन उपकरण, डीजल एवं प्राकृतिक गैस इंजन, इंडस्ट्रीयल गैस टर्बाइन्स और डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स के वैश्विक अग्रणी विनिर्माता कैटरपिलर के साथ टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग का एक समझौता किया है। यह समझौता भूमिगत खनन उपकरण के लिये हुआ है और ऐसा करके गेनवेल ने अपना परिचालन शुरू करने की घोषणा की है। इस समझौते के तहत गेनवेल इंजीनियरिंग भारत और विश्व के अन्य देशों में बढ़ रहे कोयला उत्पादन में सहयोग देने के लिये मीडियम और हाई सीम के भूमिगत रूम एंड पिलर इक्विपमेंट का विनिर्माण कर सकेगा। कोयला भारत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की ऊर्जा सुरक्षा के लिये महत्वपूर्ण है और इस पहल से भरोसमंद और उन्नत रूम एंड पिलर इक्विपमेंट वैश्विक ग्राहकों को उपलब्ध होगा। इस समझौते के तहत गेनवेल इंजीनियरिंग लाइसेंस्ड कैटरपिलर रूम एंड पिलर इक्विपमेंट तथा हाईवाल माइनर की मौजूदा सक्रिय आबादी को आफ्टर-मार्केट स्पेयर पार्ट्स और सेवा सहयोग भी प्रदान करेगा।गेनवेल इंजीनियरिंग भारत में बुनियादी ढांचे की प्रगति को सहयोग देने की सात दशकों से ज्यादा की समृद्ध विरासत वाली कंपनी गेनवेल कोमोसेल्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में ट्रैक्टर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) का विनिर्माण उपक्रम है। गेनवेल इंजीनियरिंग का लॉन्च विनिर्माण केन्द्र के रूप में विकसित होने की देश की स्थायी क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करता है। इस कोशिश से 'आत्मनिर्भर भारत' को विकसित करने का देश का सपना साकार होगा।गेनवेल इंजीनियरिंग कोलकाता, भारत में अपने विनिर्माण व्यवसाय मुख्यालय को स्थापित करेगा और उसका संयंत्र पानागढ़, पश्चिम बंगाल, भारत में करीब 500 करोड़ रूपये (लगभग 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के निवेश से स्थापित किया जा रहा है।

# टेक्नो ने 5जी सेगमेंट में रखा कदम

देहरादून (वीअ)। ट्रांसियॉन इंडिया के ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन टेक्नो मोबाइल ने आज अपने नए स्मार्टफोन पोवा 5जी को लॉन्च कर 5जी सेगमेंट में कदम रखा है। टेक्नो पोवा 5जी एथर ब्लैक कलर में स्पेशल एडिशन है और इसके पीछे की ओर प्रमुख फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी एफसी (मैन सिटी) का प्राउड लोगो दिया गया है। टेक्नो मैनचेस्टर सिटी का आधिकारिक टैबलेट एवं हैंडसेट पार्टनर है और यह सहयोग स्पीड, पावर एवं परफॉर्मेंस की नीतियों को आपस में साझा करता है और दोनों के बीच की सिनर्जी को दिखाता है। टेक्नो पोवा 5जी अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन खूबियों में इन नीतियों को प्रतिबिम्बित करता है।

टेक्नोा पोवा 5जी आकर्षक डिजाइन,सुपर-फास्ट 5जी

# सीएम धामी के अभिनेता अक्षय कुमार को सरकारी आवास में ब्रांड एंबेसडर बनाने की आयोग से की शिकायत

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस नेत्री आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अभिनेता अक्षय कुमार को सरकारी आवास में ब्रांड एंबेसडर बनाने की चुनाव आयोग से शिकायत की है। उन्होंने घोषणा रोकने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विधानसभा चुनाव आदर्श आचार सहिंता का किया उल्लंघन किया गया है। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास में फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड़ एंबेसड़र, रोक लगाने की मांग करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली व मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड़ को ईमेल व सीविजिल के माध्यम से की शिकायत भेजी है। जिसमें उन्होने कहा कि उत्ताराखण्ड़ के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आर्दश आचार सहिंता का उल्लंघन, मुख्यमंत्री के सरकारी आवास में अभिनेता अक्षय कुमार को ब्रांड़ एंबेसड़र बनाया है जिसकी फोटों विभिन्न समाचार पत्रों, इलैक्टोनिक मीडिया व सोशल मीडिया आदि में प्रचारित प्रासारित भी की गई है। उत्ताराखण्ड़ के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री के सरकारी आवास में फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार को बुलाकर बकायदा उन्हें उत्ताराखण्ड़ का ब्रांड़ एंबेसड़र का प्रस्ताव किया गया व अक्षय कुमार द्वारा स्वीकार भी किया गया है। मुख्यमंत्री आवास का भी चुनाव प्रभावित करने के उददेश्य से दुरुपयोग किया गया है। उपरोक्त ब्राड़ एंबेसड़र का प्रस्ताव सरकारी आवास में दिया जाना आर्दश चुनाव आचार सहिंता का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है जो कि स्वतंत्र व निषपक्ष चुनाव को प्रभावित करने का मुख्यमंत्री का प्रयास है। लगता है कि उत्ताराखण्ड़ के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने को आर्दश चुनाव आचार सहिता व कानून से ऊपर समझतें है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 187–डी आर एम–एम बी 21–22 दिनांक 07.02.2022 | 188–डी आर एम–एम बी 21–22 दिनांक 07.02.2022 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता नजीबाबाद के अधिनस्त खंड में 60 के0जी0 इन सीटू glued जॉइंट्स के फेब्रिकेशन और लगाने का कार्य। | सहायक मंडल अभियंता हापुड़ के अधिनस्त खंड में 60 के0जी0 इन सीटू glued जॉइंट्स के फेब्रिकेशन और लगाने का कार्य। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 08.03.2022 | 08.03.2022 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 Hrs. | 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 53,21,543.20 | 58,32,9001.20 |
| धरोहर राशि | 1,06,400.00 | 1,16,700.00 |
| टेंडर फार्म की लागत | शून्य | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 22.02.2022 | 22.02.2022 |

टेन्डर नं. 75/W/2/3/WA/DEN/IV/Publication दिनांक : 07.02.2022 273/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रॉकिंग डील्स ने जीबी रिटेल के साथ की साझेदारी

हरिद्वार, वीर अर्जुन संवाददाता। दुनिया की प्रमुख एक्सेस इन्वेंट्री कंपनी, रॉकिंग डील्स ने हरिद्वार में अपनी पहली फ्रेंचाइजी खोलने के लिए जीबी रिटेल के साथ साझेदारी की। स्टोर का उद्घाटन 8फरवरी 2022को हुआ। यह स्टोर शहर में विभिन्न अनबॉक्स्ड उत्पादों के सबसे अधिक लाभदायक सौदों के लिए अवसर उपलब्ध कराएगा। स्टोर में उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाली वस्तुओं की बड़ी रेंज उपलब्ध होगी। जीबी रिटेल के साथ हुए गठबंधन से कंपनी को अपने ग्राहकों तक पहुंचने के अलावा, लीड हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

तीर्थस्थल हरिद्वार शहर के बीचों-बीच स्थित इस स्टोर में 5000वर्ग फुट क्षेत्र में 10-12प्रशिक्षित एक्जिक्यूटिव बढ़ते ग्राहक आधार की जरूरतों को पूरा करेंगे। ब्रांड ने 1करोड़ रुपये के निवेश के साथ, अनबॉक्सिंग की अवधारणा में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए, बाजार में पर्याप्त प्रगति हासिल की है। हरिद्वार में ग्राहकों को देखते हुए, सभी अनबॉक्स्ड उत्पादों के लिए भारत के प्रमाणित और सबसे प्रामाणिक वन-स्टॉप सॉल्यूशन ने साझेदारी करने और फ्रेंचाइजी खोलने के लिए प्रेरणा पाई है। ग्राहक सेवा और उत्पाद की गुणवत्ता रॉकिंग डील्स के लिए प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। देश के हर कोने में अपनी मजबूत उपस्थिति के साथ, भारत में रॉकिंग डील्स के 40से अधिक स्टोर हैं और यह अंतरराष्ट्रीय ब्रांडो के लिए एक स्थापित प्लेटफॉर्म भी है। यह स्टोर, जी बी रिटेल के सहयोग से, ब्रांड को पूरे उत्तराखंड में विकास का अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा। रॉकिंग डील्स के संस्थापक एवं सीईओ, युवराज अमन सिंह ने बताया कि ठयह स्टोर अगले तीन वर्षों में 200स्टोर खोलने के हमारे उद्देश्य को पूरा करने की हमारी यात्रा का पहला चरण है।

**Shivalik Rasayan Limited**

Regd. Office: Village Kolhupani, P. O. Chandanwari, Dehradun - 248007

(CIN: L24237UR1979PLC005041) E-mail: cs@shivalikrasayan.com, Website: www.shivalikrasayan.com

**Extracts of Standalone and Consolidated Un-audited Financial Results for the Quarter & Nine months ended on 31.12.2021** (In Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Standalone Quarter Ended Un-audited 31.12.2021 | Standalone Quarter Ended Un-audited 31.12.2020 | Standalone Nine Months Ended Un-audited 31.12.2021 | Standalone Nine Months Ended Un-audited 31.12.2020 | Standalone Year Ended Audited 31.03.2021 | Consolidated Quarter Ended Un-audited 31.12.2021 | Consolidated Quarter Ended Un-audited 31.12.2020 | Consolidated Nine Months Ended Un-audited 31.12.2021 | Consolidated Nine Months Ended Un-audited 31.12.2020 | Consolidated Year Ended Audited 31.03.2021 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (net) | 2735.56 | 2315.99 | 7438.61 | 6314.62 | 8524.39 | 6082.40 | 5608.27 | 16846.00 | 15484.04 | 19871.40 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before t exceptional and/or Extraordinary items) | ax, 450.12 | 414.00 | 1366.77 | 772.95 | 1253.35 | 957.73 | 859.48 | 2854.28 | 2002.30 | 2892.75 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 450.12 | 414.00 | 1366.77 | 772.95 | 1253.35 | 957.73 | 859.48 | 2854.28 | 2002.30 | 2892.75 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary items) | 458.67 | 419.25 | 1395.32 | 782.12 | 1267.55 | 836.52 | 720.72 | 2610.49 | 1630.39 | 2480.50 |
| 5 | Total comprehensive income for the period {Comprising Profit/(loss) for the period (after tax) and other Comprehensive income (after tax)} | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | Equity Share Capital | 724.46 | 688.96 | 724.46 | 688.96 | 688.96 | 724.46 | 688.96 | 724.46 | 688.96 | 688.96 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | | | | | | | | | | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs.5/- each) (for continuing and discontinued operation) Basic: | 3.17 | 3.04 | 9.63 | 5.68 | 9.20 | 4.28 | 3.91 | 13.13 | 8.11 | 12.88 |
| | Diluted: | 3.17 | 3.04 | 9.63 | 5.68 | 9.20 | 4.28 | 3.91 | 13.13 | 8.11 | 12.88 |

Note:

1 The un-audited financial statement for the quarter and nine months ended on December 31, 2021 have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on February 08, 2022

2 The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary

3 Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For Shivalik Rasayan Limited
Sd/-
Rahul Bishnoi
Chairman

Place: New Delhi
Date : 08.02.2022

वीर अर्जुन

**देहरादून में समाचार पत्र प्राप्त करने एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।**

**मो.7895189235**

**वीर अर्जुन की प्रतियां प्राप्त करने के लिए संपर्क करें:-**

देहरादून:- **वसीम अहमद**
मो.-9758325677

रुड़की:- **चन्दर न्यूज एजेंसी**
प्रो.- श्री चन्द्रभान,
दुकान नं. 11, पुराना रेलवे रोड, मकतुलपुरी रुड़की
मो.- 9927069871

हरिद्वार:- **आत्रे न्यूज एजेंसी**
प्रो.- श्री अनिल कुमार शर्मा ,जटवाड़ा पुल, हरिद्वार
मो.- 9837177797

ऋषिकेश:- **आजाद न्यूज एजेंसी**
प्रो.- श्री संजीव गुप्ता हरिद्वार रोड, ऋषिकेश
मो.- 9837229222